देवलाली छावनी परिषद की छावनी परिषद कार्यालय, देवलाली में दिनांक 22 फ़रवरी 2019 को सुबह 11:00 बजे सम्पन्न हुई साधारण बैठक का कार्यवृत्त ।

उपस्थित

01	ब्रिगे. पी. रमेश, वि.से.प.	-	अध्यक्ष
02	श्रीमती प्रभावती भिमराव धिवरे	-	उपाध्यक्ष
03	श्री अजय कुमार, मु.का.अ.	-	सदस्य सचिव
04	कर्नल कमलेश चौहान	-	नामित सदस्य
05	लेफ्ट. कर्नल अजय कुमार	-	गैरिसन इंजीनियर
06	श्री सचिन सुरेश ठाकरे	-	निर्वाचित सदस्य
07	श्री भगवान टिकमदास कटारिया	-	निर्वाचित सदस्य
08	श्रीमती आशा चंद्रकांत गोडसे	-	निर्वाचित सदस्य
09	श्री दिनकर वामन आढ़ाव	-	निर्वाचित सदस्य
10	श्रीमती कावेरी रतन कासार	-	निर्वाचित सदस्य
11	श्री बाबुराव निवृत्ति मोजाड	-	निर्वाचित सदस्य

उपस्थित नहीं:-

01	ब्रिगे. ए. के. श्रीवास्तव	-	स्वास्थ्य अधिकारी
02	कर्नल राहुल मिश्रा	-	नामित सदस्य
03	श्री रामदास खेडकर	-	जिला दंडाधिकारी का नामिती
04	विंग कमांडर जसमीत सिंह	-	नामित सदस्य
05	श्रीमती मीना तानाजी करंजकर	-	निर्वाचित सदस्य

बैठक शुरू होने से पहले, सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर पुलवामा आतंकी हमले में शहीद होने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया | श्रीमती मीना तानाजी करंजकर- उप-उपाध्यक्ष, एवं वर्तमान सदस्य, छावनी परिषद देवलाली के ससुर स्वर्गीय श्री पांडुरंग शिवराम करंजकर जिनका निधन दिनांक 21 फ़रवरी 2019 को हुआ था, को भी परिषद ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की |

01 समीक्षा

दिनांक 04.01.2019 को सम्पन्न हुई परिषद की पिछली बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों पर विचार करना और नोट करना ।

01 **संकल्प:** मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने दिनांक 04.01.2019 को सम्पन्न हुई परिषद की पिछली बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के कार्यान्वयन सम्बंधित जानकारी परिषद को दी |

श्री बाबुराव निवृत्ति मोजाड- निर्वाचित सदस्य ने शिगवे बहुला में पुनर्वासित भूमि के निवासियों के पैतृक संपत्तियों मरम्मत करने हेतु अनुमति प्रदान करने का मुद्दा उठाया और इस सम्बन्ध में छावनी परिषद कार्यालय से उदारवादी दृष्टिकोण अपनाने का अनुरोध किया |

इस मुद्दे पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के नए निर्माण हेतु छावनी परिषद की अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है | तथापि, इस सम्बन्ध में उन्होंने पहले ही जिलाधिकारी, नाशिक से भेंट की थी और जिलाधिकारी, नाशिक ने सलाह दी कि जमीन मालिक को सर्वे की लागत का भुगतान करने की इच्छा व्यक्त करनी चाहिए और इस प्रभाव में छावनी परिषद देवलाली द्वारा एक प्रस्ताव प्रेषित किया जाना चाहिए | मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने आगे यह सूचित किया कि अनाधिकृत निर्माण हेतु चारणवाडी में निवासियों को परिषद द्वारा सूचनाएँ जारी की गई है |

श्री बाबुराव निवृत्ति मोजाड- निर्वाचित सदस्य ने यह भी कहा कि प्रॉपर्टी चैम्बर का निर्माण सड़क पर किया गया है जिसका निर्माण संपत्ति परिसर में ही किया जाना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की क्षति न हो, जैसे की यह देखा गया है कि शिगवे क्षेत्र में कुछ प्रॉपर्टी चैम्बर के कारण नुकसान हुआ है | परिषद के सहायक अभियंता (आर एवं बी) को चैम्बर्स की सूची प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाए, जो स्तर (लेवल) तक नहीं है |

श्री सचिन सुरेश ठाकरे- निर्वाचित सदस्य ने मुद्दा उठाया कि परिषद द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे भूमिगत सिवरेज योजना का प्रस्तुतीकरण पहले किया जा चूका है, जिसमे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई थी एवं अंतिम रूप दिया गया था और उक्त की कार्यवृत्त सभी निर्वाचित सदस्य को दी गई थी | उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव हेतु आचार संहिता की घोषणा होने से पहले इस मुद्दे पर एक और बैठक आयोजित की जानी चाहिए क्योंकि वो संपत्ति चैम्बर्स मुद्दे जिसमे बहुत से चैम्बर्स सड़क के हिस्से साथ लेवल नहीं है जिससे असुविधाएं होती है और उचित प्रवाह / गहराई / चैम्बर्स के प्लास्टर आदि सम्बंधित अन्य मुद्दों पर चर्चा करना चाहते है | आगे, वार्ड संख्या VI और VIII का सर्वेक्षण कार्य तय किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे काफी बचत होगी | संसदीय चुनाव हेतु आचार संहिता की घोषणा होने से पहले कथित मुद्दों पर चर्चा करने हेतु एक विशेष बैठक की जाए |

श्री दिनकर वामन आढ़ाव- निर्वाचित सदस्य ने कहा कि महालक्ष्मी मदिर रोड पर मांडे लॉन्स के सामने निर्मित किया गया प्रॉपर्टी चैम्बर उचित दिशा में नहीं है |

एमएसईडीसीएल अधिकारियों से रॉयल्टी वसूलने के मुद्दे पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने स्पष्टीकरण दिया कि राज्य सरकार का सम्बन्धित शासन निर्णय प्रधान निदेशालय, रक्षा संपदा, दक्षिण कमान, पुणे को उनके अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जा रहा है |
श्री बाबुराव निवृत्ति मोजाड- निर्वाचित सदस्य ने कहा कि यदि हम भूमि के ऊपर वाली तारों हेतु प्रभार नहीं लगा रहे है तो भूमिगत केबल हेतु रॉयल्टी प्रभार क्यों किया जाए ?

श्री बाबुराव निवृत्ति मोजाड- निर्वाचित सदस्य ने कहा कि डेरी फार्म रोड के बीच में एक विद्युतीय स्तम्भ है जिसके कारण दुर्घटना हो सकती है और सुरक्षा उपाय के रूप में पीले रंग की रेडियम पट्टी स्तम्भ पर लगाया जाए और जो विद्युतीय स्तम्भ बाजार क्षेत्र में है उसे भूमिगत किया जाना चाहिए, जिसपर श्री सचिन सुरेश ठाकरे- निर्वाचित सदस्य ने कहा कि उक्त हेतु प्रस्ताव छावनी परिषद द्वारा प्रेषित किया जाना चाहिए |

श्री सचिन सुरेश ठाकरे- निर्वाचित सदस्य ने कहा कि पुराने मनोरंजन हॉल की भूमि का उपयोग कर स्थान प्रदान किया जाए, जिसे हाल ही में कार्यालय के कर्मचारियों के लिए दोपहर के भोजन के समय भोजन की सुविधा हेतु गिराया गया था, जिसपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के प्रयोजन हेतु अस्थायी प्रबंध की जाएगी |

श्री सचिन सुरेश ठाकरे- निर्वाचित सदस्य ने सह्याद्री नगर से आवागमन मार्ग का मुद्दा उठाया, जिसपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि रक्षा संपदा अधिकारी, मुंबई, स्टेशन मुख्यालय के कार्मिकों एवं भूमि रिकॉर्ड के उप-निरीक्षक के साथ परमर्श करने के पश्चात सर्वे की तारीख तय करने की जरूरत है, क्योंकि विषयांकित क्षेत्र सिविल क्षेत्र के बाहर का है |

श्री सचिन सुरेश ठाकरे- निर्वाचित सदस्य ने कहा कि प्रमुख सड़कों अर्थात वडनेर रोड, हौसन रोड, आदि पर ट्रैफिक रिकॉर्डिंग का कार्य शनिवार और रविवार को किया जाना चाहिए |

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने आश्वासन दिया कि ट्रैफिक की भीड़ / पार्किंग का वीडियो रिकॉर्डिंग का कार्य शनिवार और रविवार को पूरा किया जाएगा |

श्री बाबुराव निवृत्ति मोजाड- निर्वाचित सदस्य ने कहा कि लाव्हिट बाज़ार के बाहर रेढ़ी / हाथगाड़ी लागने के मुद्दे पर ध्यान दिया जाए क्योंकि यह भारी ट्रैफिक का खतरा उत्पन्न करती है |

श्री भगवान टिकमदास कटारिया- निर्वाचित सदस्य ने मवेशी उपद्रव का मुद्दा परिषद के समक्ष उठाया और ग्रीनवुड्स सोसाइटी के पत्र पर तुरंत कार्रवाई करने का अनुरोध किया, जिस पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने स्पष्टीकरण दिया कि ट्रेन्चिंग ग्राउंड के सर्वे का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जा रहा है और तत्पश्चात पशुशाला का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा |

श्री सचिन सुरेश ठाकरे- निर्वाचित सदस्य ने जल प्रभार बकाया का एक बार निपटान का मामला उठाया और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, छावनी परिषद, देवलाली से इस मामले पर ध्यान देने एवं ऐसे मामले को 31 मार्च 2019 अर्थात इस उद्देश्य हेतु तय की गई समय सीमा के अन्दर निपटाने हेतु अनुभागीय अभियंता (जलापूर्ति) को निर्देश देने का अनुरोध किया |

श्री सचिन सुरेश ठाकरे- निर्वाचित सदस्य ने आगे हौसन रोड पर 'सिया स्टोर' के अनाधिकृत निर्माण के मुद्दे को उठाया क्योंकि उस समय निर्वाचित सदस्य के ऊपर इस मुद्दे पर आरोप लगाए गए थे और वह यह चाहते हैं कि उक्त का विवरण परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाए, जिसके हेतु वह समय समय पर मांग कर रहे थे |

इस मुद्दे पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने स्पष्टीकरण दिया कि इसकी जाँच की जाएगी कि क्या सम्बन्धित पक्ष की तरफ से को संरचनात्मक नक्शा प्राप्त हुआ है या नहीं और मामले को आगामी परिषद की बैठक में शामिल किया जाएगा |

02 **सिविल क्षेत्र समिति**

दिनांक 15.02.2019 को सम्पन्न हुई सिविल क्षेत्र समिति के कार्यवृत्त पर विचार करना और अनुमोदन देना।

कार्यवृत्त संलग्न हैं।

02 **संकल्प: विचार किया गया और अनुमोदन दिया गया |**

श्री सचिन सुरेश ठाकरे- निर्वाचित सदस्य ने अनुरोध किया कि पुराने अनुदान मामलों में भी तेजी लाए जाए | उन्होंने यह भी कहा कि सम्पूर्ण सिविल क्षेत्र का सर्वे किया जाना था जिसे अभी तक पूर्ण नहीं किया गया और मामले पर ध्यान दिया जाए |

03 **वित्त समिति**

दिनांक 15.02.2019 को सम्पन्न हुई वित्त समिति के कार्यवृत्त पर विचार करना और अनुमोदन देना।

कार्यवृत्त संलग्न हैं।

03 **संकल्प:** विचार किया गया और निम्नलिखित के साथ अनुमोदन दी गई:-

मद संख्या 03 अर्थात वर्ष 2018-19 के दौरान देवलाली छावनी में 3018 स्ट्रीट लाइट पॉइंट्स के वार्षिक रख-रखाव (फिर से दूसरा आमंत्रण) के सम्बन्ध में, जिसका निर्णय समिति के द्वारा लिया गया था, दोनों पक्षों को बातचीत करने और उद्धृत किये गए दर अर्थात रु. 1.71 प्रतिदिन प्रति स्ट्रीट लाइट पॉइंट से कम दर जमा करने हेतु पत्र लिखा गया था | इसके जवाब में, मेसर्स नवनाथ इलेक्ट्रिकल्स एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं प्लास्टिक्स, नाशिक रोड ने अपनी दर घटाकर रु. 1.70 प्रतिदिन प्रति स्ट्रीट लाइट पॉइंट कर दिया जबकि दूसरा पक्ष अपने उद्धृत किए हुए दर को कम करने हेतु सहमत नहीं हुआ | इसलिए, परिषद ने मेसर्स नवनाथ इलेक्ट्रिकल्स एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं प्लास्टिक्स, नाशिक रोड द्वारा उद्धृत किए गए दर रु. 1.70 प्रतिदिन प्रति स्ट्रीट लाइट पॉइंट को स्वीकृत करने का निर्णय लिया |

श्री बाबुराव निवृत्ति मोजाड- निर्वाचित सदस्य ने कहा कि भौगोलिक स्थिति के अनुसार विद्युतीय स्तम्भ उपलब्ध कराए जाए और वार्ड संख्या VIII के लिए अतिरिक्त विद्युतीय स्तम्भ प्रदान करने के लिए भी कहा |

04 **स्वास्थ्य समिति**

दिनांक 15.02.2019 को सम्पन्न हुई स्वास्थ्य समिति के कार्यवृत्त पर विचार करना और अनुमोदन देना।

कार्यवृत्त संलग्न हैं।

04 **संकल्प:** विचार किया गया और अनुमोदन दिया गया |

05 **भवन समिति**

दिनांक 15.02.2019 को सम्पन्न हुई भवन समिति के कार्यवृत्त पर विचार करना और अनुमोदन देना।

कार्यवृत्त संलग्न हैं।

05 **संकल्प:** विचार किया गया और अनुमोदन दिया गया |

भवन समिति संकल्प संख्या 03 के सम्बन्ध में, यह निर्णय लिया गया कि जबतक बुनियादी ढांचा अर्थात स्ट्रीट लाइट, जल पाइपलाइन, कंपाउंड वॉल, मलकुंड (सेप्टिक टैंक) और शोष-गर्त (सोक-पिट) का निर्माण नहीं हो जाता तब तक आंशिक पूर्ति प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा | आगे, 70% से ऊपर पूर्ति प्रमाणपत्र अंतरिम सड़क आधारभूत संरचना निर्माण के अधीन होगा |

भवन समिति संकल्प संख्या 04 के सम्बन्ध में, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि चर्चा के दौरान, अध्यक्ष, छावनी परिषद, देवलाली ने कहा कि यह मद सम्बंधित समिति की कार्यसूची में पहले नहीं था और भवन समिति के कार्यवृत्त में इसे लिया गया और सम्बंधित भूमि आर्मी भूमि से संलग्न होने के कारण अध्यक्ष, छावनी परिषद, देवलाली सम्बंधित भूमि को देखना चाहेंगे, जिसपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने स्पष्टीकरण दिया कि उक्त मद को समिति द्वारा पूरक मद के रूप में विचार किया गया था इसलिए इसे भवन समिति के कार्यवृत्त में इसे सम्मिलित किया गया |

निर्वाचित सदस्य और भवन समिति के अध्यक्ष श्री बाबुराव निवृत्ति मोजाड ने कहा कि आर्मी भूमि से संलग्न बहुत सी योजना पहले भी परिषद द्वारा पारित की गई है |

श्री सचिन सुरेश ठाकरे- निर्वाचित सदस्य ने कहा कि स्टेशन मुख्यालय, देवलाली के प्रतिनिधि और रक्षा संपदा अधिकारी, कोलाबा के उपस्थिति में टी.आई.एल.आर, नाशिक के द्वारा संयुक्त सर्वेक्षण करने के बाद उक्त मद को प्रस्तुत किया गया है और संसदीय चुनाव के संभावित आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए इस मद को पूरक के रूप में जोड़ा गया | अध्यक्ष, छावनी परिषद, देवलाली ने अपने सत्यापन के लिए इस मुद्दे को लंबित रखा |

विचार विमर्श के बाद, अध्यक्ष, छावनी परिषद, देवलाली ने कहा कि उक्त को पारित किया जाए| भवन समिति के कार्यवृत्त को अनुमोदित किया गया |

06 **शालेय प्रबंधन समिति के बैठक की कार्यवृत्त को नोट करना |**

दिसम्बर 2018 और जनवरी 2019 के दौरान संपन्न हुई शालेय प्रबंधन समिति के बैठक की कार्यवृत्त पर विचार करना और नोट करना |

कार्यवृत्त पटल पर रखा गया हैं |

06 **संकल्प:** विचार किया गया और नोट किया गया |

07 **अंदरूनी (इनडोर) व्यायामशाला उपकरण की आपूर्ति एवं संस्थापन हेतु ई-निविदा |**

अंदरूनी (इनडोर) व्यायामशाला उपकरण की आपूर्ति एवं संस्थापन हेतु दो बोली प्रणाली के तहत ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या भंडार अनुभाग- अ.सं. 08/2018-19, दिनांक 11.01.2019 दैनिक समाचार पत्र- पुण्यनगरी, देशदूत एवं हिन्दुस्थान टाइम्स में दिनांक 12.01.2019 को और वेबसाइट पोर्टल www.eprocure.gov.in में प्रकशित की गई |

इस कार्यालय के तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बोली दिनांक 04.02.2019 को शाम 03.00 बजे खोला गया | प्राप्त, स्वीकृत और अस्वीकृत ई-निविदाओं का विवरण निम्नानुसार हैं :-

अ. सं.	कार्यों का विवरण	प्राप्त निविदाओं की कुल संख्या	स्वीकृति निविदाओं की संख्या	अस्वीकृति निविदाओं की संख्या
1	अंदरूनी (इनडोर) व्यायामशाला उपकरण की आपूर्ति एवं संस्थापन	07	03	04*

यह पाया गया कि निविदाकर्ताओं में से एक अर्थात मेसर्स ओसनिक फिटनेस प्रा. लिम., जिनके निविदा को अस्वीकृत किया गया हैं, निविदा की **शर्त संख्या 6** जिसमे यह वर्णित हैं कि “उपकरणों की तत्काल सेवा हेतु सेवा केंद्र स्थानीय अर्थात नाशिक क्षेत्र में होगा” को छोड़कर सभी नियमों और शर्तों को पूरा करते हैं | इसलिए इस कार्यालय के पत्र संख्या 319/एस.टी.आर.(ए)/ए-10/710 दिनांक 08.02.2019 द्वारा सम्बंधित संस्थान को तीन दिनों के समयावधि के दौरान सम्बंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया था, अगर वो ऐसा करने में विफल होते हैं तो उनकी वित्तीय बोली नहीं खोली जाएगी, जिस पर मेसर्स ओसनिक फिटनेस प्रा. लिम. ने तकनीकी व्यक्ति, जो बिक्री सेवाओं की देख-भाल करते हैं, का मोबाइल नंबर एवं मुंबई में सेवा केंद्र के पते से अवगत कराया |

इस कार्यालय ने ई-मेल दिनांक 12.02.2019 के माध्यम से सम्बंधित संस्थान को पुनः सूचित किया कि क्या आपका सेवा केंद्र नाशिक में स्थित है या नहीं, इस कार्यालय को सूचित करें, सूचना न देने की स्थिति में इस कार्यालय द्वारा उनके तकनीकी बोली पर विचार नहीं किया जाएगा | सम्बंधित संस्थान से आज की तारीख तक कोई जवाब नहीं प्राप्त हुआ है |

इन स्थितियों में, 03 स्वीकृत निविदाओं के सम्बन्ध में वित्तीय बोली जिसे **07.02.2019** खोला जाना अपेक्षित था, उसे नहीं खोला जा सका और इस मामले में आगे के निर्णय हेतु उक्त को परिषद के समक्ष खोलने का प्रस्ताव दिया गया हैं |

विचार करना और निर्णय लेना |
सम्बंधित फाइल पटल पर रखी गयी हैं |

07 **संकल्प:** विचार किया गया और मेसर्स ओसनिक फिटनेस प्रा. लिम. के निविदा को अस्वीकृत करने का निर्णय लिया गया क्योंकि यह 'तत्काल और समय पर सेवा हेतु नाशिक में सेवा केंद्र होने की महत्वपूर्ण शर्त को पूरा नहीं करता है | मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने आगे सूचित किया कि मेसर्स ओसनिक फिटनेस प्रा. लिम. ने एक स्वच्छंद (फ्रीलांस) सेवा प्रदाता का संपर्क नंबर दिया है और उस पर पूछ-ताछ करने पर यह पाया गया कि उपर्युक्त कंपनी की नाशिक में कोई सेवा केंद्र नहीं है |

आगे यह निर्णय लिया गया कि अन्य बोलीकर्ताओं की बोली खोली जाए और आगामी परिषद की बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाए क्योंकि सेवा केंद्र की अनुपलब्धता व्यायामशाला के कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है |

08 **अकुशल, अर्धकुशल और कुशल श्रमिकों की भर्ती |**

संदर्भ: छावनी परिषद संकल्प संख्या 15 दिनांक 04.01.2019 |

परिषद ने छावनी परिषद संकल्प द्वारा मेसर्स एन.एच. पटेल के द्वारा उद्धृत अकुशल, अर्धकुशल और कुशल श्रमिकों हेतु दर क्रमशः रु. 14311/-, 16174/- एवं 18956/- को अनुमोदन दिया |

अनुभाग प्रमुख अर्थात अनुभागीय अभियंता (जलापूर्ति), प्रधानाध्यापक, छावनी परिषद हाईस्कूल, और प्रशासनिक अधिकारी, छावनी परिषद देवलाली ने रिपोर्ट किया हैं कि उनके अनुभागों के दिन-प्रतिदिन के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु निम्नलिखित कर्मचारियों की आवश्यकता हैं |

अ.सं.	पद का नाम	पदों की	सम्बंधित अनुभाग	दर प्रति माह

		संख्या		(रु. में)
1	पंप प्रचालक	01	जलापूर्ति	16174/-
2	फ़िल्टर सहायक	01	जलापूर्ति	16174/-
3	कार्यालय सहायक	03	प्रशासनिक, स्वास्थ्य एवं छावनी परिषद हाईस्कूल	14311/-
4	कनिष्ठ सहायक	01	स्वास्थ्य	18956/-

तदनुसार, इस कार्यालय के पत्र संख्या 210/पी.डब्ल्यू.एस./ई-3/312 दिनांक 18.01.2019 और 58/ए.डी.एम/ई-1/657, दिनांक 05.03.2019 द्वारा सम्बंधित ठेकेदार को उपरोक्त कर्मचारी को दो महीने के लिए किराये के आधार पर उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था और ठेकेदार ने फ़िल्टर सहायक को छोड़कर उक्त सभी कर्मचारियों को उपलब्ध कराया |

अ.सं.	व्यक्ति का नाम	पद का नाम	सम्बंधित अनुभाग	कार्यग्रहण तारीख
1	श्री वीर भीमसेन महादु	पंप प्रचालक	जलापूर्ति	04.02.2019
2	श्री पंकज अरुण देवकर	कार्यालय सहायक	प्रशासनिक (प्रेषण)	13.02.2019
3	श्री अभिषेक राजाराम लोने	कार्यालय सहायक	छावनी परिषद हाईस्कूल	01.02.2019
4	श्री विन्सेंट कुमार	कार्यालय सहायक	स्वास्थ्य	06.02.2019
5	श्री के.एस. कापसे	कनिष्ठ सहायक	स्वास्थ्य	06.02.2019

यह सिफारिश की जाती हैं कि अनुभागों के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु उपरोक्त कर्मचारी को 11 महीने की अवधि हेतु भर्ती किया जाए |

विचार करना और अनुमोदन देना |
सम्बंधित फाइल पटल पर रखा गया हैं |

08 **संकल्प:** विचार किया गया और ठेकेदार के माध्यम से तीन महीनों की अवधि हेतु कर्मचारी की नियुक्ति को अनुमोदन दिया गया |

लम्बे समय से खाली पदों को जिन्हें भरा जाना आवश्यक है के सम्बन्ध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया |

श्री सचिन सुरेश ठाकरे- निर्वाचित सदस्य ने कहा कि एक बार निविदा आमंत्रित करके रिक्त पदों को भरा जाए और उचित योग्यता वाले कुशल व्यक्तियों की नियुक्ति की जाए | उन्होंने यह भी कहा कि स्थायी पदों पर नियुक्ति के बाद पद से हटाने के कारण उनके साथ अन्याय हुआ है |

श्री बाबुराव निवृत्ति मोजाड- निर्वाचित सदस्य ने कहा कि राजस्व अनुभाग के लिए अधिक संख्या में कुशल कार्मिक प्रदान किए जाने चाहिए |

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने परिषद को सूचित किया कि पारदर्शी प्रक्रिया को बनाये रखते हुए ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से कनिष्ठ अभियंता (सिविल), अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय हेतु सहायक शिक्षक और कनिष्ठ सहायक हेतु सीधी भर्ती की जा रही है, जैसा कि इस उद्देश्य हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्ति अधिकारी है और आगे की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया |

श्री दिनकर वामन आढ़ाव- निर्वाचित सदस्य ने कहा कि निर्वाचित सदस्य को आरक्षण रोस्टर से अवगत कराया जाना चाहिए और उनके जागरूकता के लिए उसकी एक एक प्रति उन्हें उपलब्ध करायी जानी चाहिए, जिस पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि प्रति कार्यालय के पास उपबल्ब्ध है और निर्वाचित सदस्य उसकी प्रति ले सकते है या उसका अवलोकन कर सकते हैं |

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने स्पष्टीकरण दिया कि भर्ती इस कार्यालय के द्वारा अनुरक्षित आरक्षण रोस्टर के अनुसार की जा रही है |

श्री सचिन सुरेश ठाकरे- निर्वाचित सदस्य ने होर्डिंग का मामला उठाया और कहा कि इस मामले पर परिषद में चर्चा करने की जरुरत है |

उन्होंने आगे कहा कि पूर्व की तरह, विजय नगर, बार्नस स्कूल, जैसे क्षेत्रों, जो छावनी परिषद कार्यालय से दूर है, से सम्बंधित करों के संग्रहण हेतु कार्मिकों की प्रतिनियुक्ति की जाए | मुद्दे पर चर्चा किया गया और यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह के 1 तारीख से 10 तारीख तक, दो दिनों के लिए, एक कार्मिक को उक्त स्थान अर्थात रेस्ट कैंप रोड पर ई.एस.आर. टैंक के नजदीक कमरें में परिषद से सम्बंधित घर कर / जल प्रभार बकाया के संग्रहण हेतु नियुक्त किया जाएगा |

आगे यह निर्णय लिया गया कि अभ्यास को 06 महीनों की अवधि के लिए देखा जाना चाहिए और फिर इसके निरंतरता के बारे में अंतिम निर्णय लिया जाए |

09 प्रोद्भवन आधारित लेखांकन प्रणाली (एक्रुअल बेस्ड एकाउंटिंग सिस्टम- अबास) : एस.एस.के एवं को., चार्टेड एकाउंटेंट्स, नाशिक की सेवाओं का विस्तार |

संदर्भ: छावनी परिषद संकल्प संख्या 08 दिनांक 09.02.2018 एवं एस.एस.के एवं को., चार्टेड एकाउंटेंट्स, नाशिक से प्राप्त पत्र दिनांक 04.02.2019 |

उपरोक्त छा.प.सं. संख्या द्वारा परिषद ने प्रोद्भवन आधारित लेखांकन प्रणाली (एक्रुअल बेस्ड एकाउंटिंग सिस्टम- अबास) हेतु एक साल की अवधि अर्थात 17.01.2018 से 16.01.2019 तक प्रति माह रु. 25,000/- वेतन पर एस.एस.के एवं को.,चार्टेड एकाउंटेंट्स, नाशिक की नियुक्ति का मामला नोट किया | चूँकि परियोजना पूरी नहीं हुई है इसलिए आगे और एक साल की अवधि हेतु एस.एस.के एवं को.,चार्टेड एकाउंटेंट्स, नाशिक की सेवा की आवश्यकता हैं | उपरोक्त दर्शाये गए पत्र के माध्यम से एस.एस.के एवं को., चार्टेड एकाउंटेंट्स, नाशिक ने महंगाई घटक के आधार पर अपनी वेतन रु. 30,000/- (रुपये तीस हज़ार) तक संशोधित करने हेतु अनुरोध किया हैं | मौजूदा दर रु. 25,000/- का निर्धारण दिसम्बर 2015 माह में किया गया था, लेकिन वास्तविक कार्य जनवरी 2018 अर्थात अबास एप्लीकेशन प्राप्ति के बाद से शुरू हुआ था |

विचार करना और अनुमोदन देना |
सम्बंधित फाइल पटल पर रखा गया है |

09 **संकल्प:** विचार किया गया | मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रोद्भवन आधारित लेखांकन प्रणाली (एक्रुअल बेस्ड एकाउंटिंग सिस्टम- अबास) के बारे में बताया | परिषद ने चार्टेड अकाउंटेंट के विस्तार और वेतन को रु. 30,000/- प्रति माह तक बढ़ाने हेतु अनुमोदन दिया |

10 अध्यक्ष, छावनी परिषद की स्वीकृति को नोट करना |

छावनी अधिनियम 2006 के धारा 26(2) के अंतर्गत विविध कार्यों हेतु अध्यक्ष, छावनी परिषद द्वारा जारी किए गए स्वीकृति को नोट करना।

अ. स.	अध्यक्ष, छावनी परिषद द्वारा स्वीकृति की तिथि	विषय / विवरण
1	17.01.2019	छावनी निधि स्कूल मैदान, आनंद रोड, देवलाली पर जॉगिंग ट्रैक के निर्माण हेतु ई-निविदा - श्री संतोष शिवाजी शिंदे, पोस्ट- ठानगांव, तालुका- सिन्नर, जिला- नाशिक द्वारा प्रस्तावित न्यूनतम दर रु. 25,89,773.11 को स्वीकृति
2	17.01.2019	छावनी निधि सड़कों को कंक्रीट सहित रख-रखाव के कार्य हेतु ई-निविदा- मेसर्स ऋषभ कंस्ट्रक्शन द्वारा जमा रु. 3,00,000/- की बकाया जमा राशि को जब्त किया गया और ठेकेदार को एक साल की अवधि तक छावनी परिषद, देवलाली के निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु ब्लैकलिस्ट करना, आगे विषयांकित निविदा को रद्द करना और पुनः ई-निविदा आमंत्रण करना |
3	21.01.2019	01.02.2019 से शुरू होने वाली एक वर्ष की अवधि तक देवलाली छावनी (तृतीय आमंत्रण) के दैनिक बाज़ार शुल्क के संग्रहण अधिकार के पट्टे हेतु पुनः ई-निविदा | मेसर्स के.व्ही. इंटरप्राइजेज, नाशिक रोड द्वारा उद्धृत रु. 14,11,000/- की बोली को स्वीकृति |

10 **संकल्प:** विस्तार किया गया और नोट किया गया |

11 **शेड एवं शौचालय ब्लॉक का अनाधिकृत निर्माण |**

श्री अरुण एम. बल्कावडे ने (1) एम.एस. पोल सहित 11.80 मी.X 4.50 मी.X 4.50 मी. ऊंचाई (औसतन) और (2) 4.30 मी.X 6.90 मी.X 4.50 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाली शेड का निर्माण किया है तथा सी.जी.आई. शीट द्वारा छत को ढका है और 2.80 मी.X 2.50 मी.X 3.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाली शौचालय का निर्माण भगुर शिवर के रेवेन्यु सर्वे संख्या 75/3ए पर न्यू पंचगंगा हौसिंग सोसाइटी, धोंडे रोड, विजयनगर, देवलाली के परिसर में किया | उपरोक्त निर्माण सक्षम अधिकारी के अनुमोदन बिना किया गया हैं इसलिए शेड एवं शौचालय ब्लॉक का निर्माण अनाधिकृत हैं |

इस कार्यालय के सूचना संख्या 1309/बी.एल.डी./ई-8/6321 दिनांक 27.12.2018 द्वारा श्री अरुण एम्. बल्कावडे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया | उन्होंने जारी किए गए सूचना का कोई उत्तर नहीं दिया | इसलिए यह सिफारिश की जाती हैं कि छावनी अधिनियम, 2006 के यू/एस 248 एवं 320 के तहत श्री अरुण एम. बल्कावडे, (भगुर शिवर के रेवेन्यु सर्वे संख्या 75/3ए पर न्यू पंचगंगा हौसिंग सोसाइटी, धोंडे रोड, विजयनगर, देवलाली) को सूचना जारी किया जाए |

सम्बंधित फाइल पटल पर रखा गया हैं |

11 **संकल्प:** परिषद ने विचार किया और छावनी अधिनियम 2006 की धारा 248 के तहत श्री अरुण एम. बल्कावडे को सूचना जारी करने हेतु अनुमोदन दिया गया, जिसमें उन्हे कथित अनाधिकृत निर्माण को हटाने हेतु 30 दिन का समय दिया जाएगा। अनुपालन न होने की स्थिति में, उक्त को हटाने हेतु छावनी अधिनियम 2006 की धारा 320 के तहत दूसरी सूचना दी जाएगी, जिसमे उन्हे 15 दिन का समय दिया जाएगा, ऐसा न कर पाने पर कथित निर्माण हटाने का कार्य विभाग के तरफ से उनके जोखिम और खर्च पर की जाएगी।

12 आर.सी.सी. फूटिंग्स एवं ग्राउंड बीम का अनाधिकृत निर्माण |

श्री बालू शंकर विटकर एवं अन्य तीन ने आर.सी.सी. फूटिंग्स और ग्राउंड बीम सहित 9.00 मी.X 10.00 मी. ऊंचाई (औसतन) वाले प्लिंथ बीम का निर्माण किया हैं और चारणवाडी, शिगवे बाहुला, देवलाली पर शिगवे बाहुला शिवर, के रेव. सर्वे संख्या 14 पर आगे का कार्य प्रगति पर है| उपरोक्त निर्माण सक्षम अधिकारी के अनुमोदन बिना किया गया हैं इसलिए भवन और शेड का निर्माण अनाधिकृत हैं |

इस कार्यालय के सूचना संख्या 1309/बी.एल.डी./ई-8/587 दिनांक 01.02.2019 द्वारा श्री बालू शंकर विटकर एवं अन्य तीन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया | उन्होंने जारी किए गए सूचना का कोई उत्तर नहीं दिया | इसलिए यह सिफारिश की जाती हैं कि छावनी अधिनियम, 2006 के यू/एस 248 एवं 320 के तहत श्री बालू शंकर विटकर एवं अन्य तीन (चारणवाडी, शिगवे बाहुला, देवलाली पर शिगवे बाहुला शिवर, के रेव. सर्वे संख्या 14) को सूचना जारी किया जाए |
सम्बंधित फाइल पटल पर रखा गया हैं |

12 **संकल्प:** परिषद ने विचार किया और छावनी अधिनियम 2006 की धारा 248 के तहत श्री बालू शंकर विटकर एवं अन्य तीन को सूचना जारी करने हेतु अनुमोदन दिया गया, जिसमें उन्हे कथित अनाधिकृत निर्माण को हटाने हेतु 30 दिन का समय दिया जाएगा। अनुपालन न होने की स्थिति में, उक्त को हटाने हेतु छावनी अधिनियम 2006 की धारा 320 के तहत दूसरी सूचना दी जाएगी, जिसमे उन्हे 15 दिन का समय दिया जाएगा, ऐसा न कर पाने पर कथित निर्माण हटाने का कार्य विभाग के तरफ से उनके जोखिम और खर्च पर की जाएगी।

13 **भवन का अनाधिकृत निर्माण |**

श्री बबन तुकाराम अव्हाड ने पहले मंजिल पर आर.सी.सी. कॉलम, स्लैब और ईंट के दीवार द्वारा चारों तरफ 7.00 मी.X 15.00 मी.X 3.00 मी. ऊंचाई (औसतन) और 12.50 मी.X 15.50 मी.X 3.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाली भवन का निर्माण रेस्ट कैंप रोड, देवलाली के भगुर शिवर के रेव.सर्वे संख्या 353/1/ई-ए पर किया है | उपरोक्त निर्माण सक्षम अधिकारी के अनुमोदन बिना किया गया हैं इसलिए भवन और शेड का निर्माण अनाधिकृत हैं |

इस कार्यालय के सूचना संख्या 1309/बी.एल.डी./ई-8/586 दिनांक 01.02.2019 द्वारा श्री बबन तुकाराम अव्हाड को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया | उन्होंने जारी किए गए सूचना का कोई उत्तर नहीं दिया | इसलिए यह सिफारिश की जाती हैं कि छावनी अधिनियम, 2006 के यू/एस 248 एवं 320 के तहत श्री बबन तुकाराम अव्हाड (रेस्ट कैंप रोड, देवलाली के भगुर शिवर के रेव.सर्वे संख्या 353/1/ई-ए) को सूचना जारी किया जाए |
सम्बंधित फाइल पटल पर रखा गया हैं |

13 **संकल्प:** परिषद ने विचार किया और छावनी अधिनियम 2006 की धारा 248 के तहत श्री बबन तुकाराम अव्हाड को सूचना जारी करने हेतु अनुमोदन दिया गया, जिसमें उन्हे कथित अनाधिकृत निर्माण को हटाने हेतु 30 दिन का समय दिया जाएगा। अनुपालन न होने की स्थिति में, उक्त को हटाने हेतु छावनी अधिनियम 2006 की धारा 320 के तहत दूसरी सूचना दी जाएगी, जिसमे उन्हे 15 दिन का समय दिया जाएगा, ऐसा न कर पाने पर कथित निर्माण हटाने का कार्य विभाग के तरफ से उनके जोखिम और खर्च पर की जाएगी।

14 **शेड का अनाधिकृत निर्माण |**

श्री सचिन काम्बले ने भगुर रेलवे गेट, सिन्नर के नजदीक- पांढूर्ली रोड, देवलाली पर एम.एस. एंगल्स द्वारा 7.00 मी.X 5.00 मी.X 3.00 मी. ऊंचाई (औसतन) वाले शेड का निर्माण किया और चारों तरफ और छत्त को सी.जी.आई. शीट्स द्वारा ढक दिया | उपरोक्त निर्माण सक्षम अधिकारी के अनुमोदन बिना किया गया हैं इसलिए शेड का निर्माण अनाधिकृत हैं |

इस कार्यालय के सूचना संख्या 1309/बी.एल.डी./ई-8/588 दिनांक 25.01.2019 द्वारा श्री सचिन काम्बले को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया | उन्होंने जारी किए गए सूचना का कोई उत्तर नहीं दिया | इसलिए यह सिफारिश की जाती हैं कि छावनी अधिनियम, 2006 के यू/एस 248 एवं 320 के तहत श्री सचिन काम्बले (भगुर रेलवे गेट, सिन्नर के नजदीक- पांढूर्ली रोड, देवलाली) को सूचना जारी किया जाए |

सम्बंधित फाइल पटल पर रखा गया हैं |

14 **संकल्प:** परिषद ने विचार किया और छावनी अधिनियम 2006 की धारा 248 के तहत श्री सचिन काम्बले को सूचना जारी करने हेतु अनुमोदन दिया गया, जिसमें उन्हे कथित अनाधिकृत निर्माण को हटाने हेतु 30 दिन का समय दिया जाएगा। अनुपालन न होने की स्थिति में, उक्त को हटाने हेतु छावनी अधिनियम 2006 की धारा 320 के तहत दूसरी सूचना दी जाएगी, जिसमे उन्हे 15 दिन का समय दिया जाएगा, ऐसा न कर पाने पर कथित निर्माण हटाने का कार्य विभाग के तरफ से उनके जोखिम और खर्च पर की जाएगी।

15 **प्लिंथ कॉलम का अनाधिकृत निर्माण और ईंट की दिवार का निर्माण कार्य प्रगति पर है |**
श्री माधवराव जयसिंहराव देशमुख ने शिगवे बहुला शिवर, शिगवे बहुला, देवलाली के रेवेन्यु सर्वे संख्या 4/1 पर 12.00 मी.X 6.00 मी.X 1.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाले और 5.00 मी.X 4.00 मी.X 1.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाले आर.सी.सी. सहित प्लिंथ का निर्माण किया हैं और ईंट की दिवार का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं | उपरोक्त निर्माण सक्षम अधिकारी के अनुमोदन बिना किया गया हैं इसलिए प्लिंथ, कॉलम, और ईंट की दिवार का निर्माण अनाधिकृत हैं |

इस कार्यालय के सूचना संख्या 1309/बी.एल.डी./ई-8/212 दिनांक 14.01.2019 द्वारा श्री माधवराव जयसिंहराव देशमुख को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया | उन्होंने जारी किए गए सूचना का जवाब अपने पत्र दिनांक 05.02.2018 द्वारा दिया | पत्र की अंतर्वस्तु इस कार्यालय द्वारा तर्कसंगत एवं स्वीकृत नहीं हैं और रेवेन्यु सर्वे संख्या 4/1 के स्थान पर सर्वे सं. 85 का संशोधन किया गया | इसलिए यह सिफारिश की जाती हैं कि छावनी अधिनियम, 2006 के यू/एस 248 एवं 320 के तहत श्री माधवराव जयसिंहराव देशमुख (शिगवे बहुला शिवर, शिगवे बहुला, देवलाली के रेवेन्यु सर्वे संख्या 85) को सूचना जारी किया जाए |

सम्बंधित फाइल पटल पर रखा गया हैं |

15 **संकल्प:** परिषद ने विचार किया और छावनी अधिनियम 2006 की धारा 248 के तहत श्री माधवराव जयसिंहराव देशमुख को सूचना जारी करने हेतु अनुमोदन दिया गया, जिसमें उन्हे कथित अनाधिकृत निर्माण को हटाने हेतु 30 दिन का समय दिया जाएगा। अनुपालन न होने की स्थिति में, उक्त को हटाने हेतु छावनी अधिनियम 2006 की धारा 320 के तहत दूसरी सूचना दी जाएगी, जिसमे उन्हे 15 दिन का समय दिया जाएगा, ऐसा न कर पाने पर कथित निर्माण हटाने का कार्य विभाग के तरफ से उनके जोखिम और खर्च पर की जाएगी।

16 **प्लिंथ कॉलम का अनाधिकृत निर्माण और ईंट की दिवार का निर्माण कार्य प्रगति पर है |**
श्री रामकृष्णा (बालू) पंढारीनाथ मोजाड ने शिगवे बहुला शिवर, शिगवे बहुला, देवलाली के रेवेन्यु सर्वे संख्या 34/9 पर 6.75 मी.X 9.00 मी.X 1.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाले आर.सी.सी. सहित प्लिंथ का निर्माण किया हैं और ईंट की दिवार का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं | उपरोक्त निर्माण सक्षम अधिकारी के अनुमोदन बिना किया गया हैं इसलिए प्लिंथ, कॉलम, और ईंट की दिवार का निर्माण अनाधिकृत हैं |

इस कार्यालय के सूचना संख्या 1309/बी.एल.डी./ई-8/213 दिनांक 14.01.2019 द्वारा श्री रामकृष्णा (बालू) पंढारीनाथ मोजाड को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया | उनके द्वारा दिए गए प्रतिक्रिया दिनांक 17.01.2019 के अनुसार नाम में संशोधन किया गया | श्री रामकृष्णा (बालू) पंढारीनाथ मोजाड के रूप में नाम का संशोधन किया गया | उन्होंने जारी किए गए सूचना का जवाब अपने पत्र दिनांक 17.01.2019 द्वारा दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि वे संरचनात्मक भवन नक्शा प्रस्तुत करने के लिए तैयार हैं और संरचनात्मक शुल्क जैसा लागू हैं के लिए भी तैयार है | इसलिए यह सिफारिश की जाती हैं कि छावनी अधिनियम, 2006 के यू/एस 248 एवं 320 के तहत श्री रामकृष्णा (बालू) पंढारीनाथ मोजाड (शिगवे बहुला शिवर, शिगवे बहुला, देवलाली के रेवेन्यु सर्वे संख्या 34/9) को सूचना जारी किया जाए |
सम्बंधित फाइल पटल पर रखा गया हैं |

16 **संकल्प:** परिषद ने विचार किया और छावनी अधिनियम 2006 की धारा 248 के तहत श्री रामकृष्णा (बालू) पंढारीनाथ मोजाड को सूचना जारी करने हेतु अनुमोदन दिया गया, जिसमें उन्हे कथित अनाधिकृत निर्माण को हटाने हेतु 30 दिन का समय दिया जाएगा। अनुपालन न होने की स्थिति में, उक्त को हटाने हेतु छावनी अधिनियम 2006 की धारा 320 के तहत दूसरी सूचना दी जाएगी, जिसमे उन्हे 15 दिन का समय दिया जाएगा, ऐसा न कर पाने पर कथित निर्माण हटाने का कार्य विभाग के तरफ से उनके जोखिम और खर्च पर की जाएगी।

17 **भवन का अनाधिकृत निर्माण |**

श्री किशोर एम. शाह ने (1) 5.00 मी.X 3.65 मी.X 4.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाले शेड (2) भवन के पीछे 5.00 मी.X 1.20 मी.X 3.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाले स्नानागार (3) 5.00 मी.X 1.20 मी.X 3.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाले शेड (4) पहली मंजिल के सामने 2.50 मी.X 0.90 मी.X 3.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाले सीढियों का निर्माण बेलातागांव शिवर के रेवेन्यु सर्वे संख्या 21/2 के बंगलो संख्या 17 एवं 18, शाहजानंद एन्क्लेव, सी.एच.एस. लिम. बेलतगांव रोड, लैम रोड, देवलाली पर किया है | उपरोक्त निर्माण सक्षम अधिकारी के अनुमोदन बिना किया गया हैं इसलिए शेड, स्नानागार और सीढियों का निर्माण अनाधिकृत हैं |

इस कार्यालय के सूचना संख्या 1309/बी.एल.डी./ई-8/208 दिनांक 10.01.2019 द्वारा श्री किशोर एम. शाह ने को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया | उन्होंने जारी किए गए सूचना का कोई उत्तर अपने पत्र दिनांक 25.01.2019 और 28.01.2019 द्वारा दिया है | इन पत्रों की अंतर्वस्तु इस कार्यालय द्वारा तर्कसंगत और स्वीकृत नहीं हैं | वे आवश्यक प्रभार देने हेतु एवं इसे नियमित करने हेतु तैयार है | इसलिए यह सिफारिश की जाती हैं कि छावनी अधिनियम, 2006 के यू/एस 248 एवं 320 के तहत श्री किशोर एम. शाह, बंगलो संख्या 17 एवं 18, शाहजानंद एन्क्लेव, सी.एच.एस. लिम. बेलतगांव रोड, लैम रोड, देवलाली को सूचना जारी किया जाए |
सम्बंधित फाइल पटल पर रखा गया हैं |

17 **संकल्पः** परिषद ने विचार किया और छावनी अधिनियम 2006 की धारा 248 के तहत श्री किशोर एम. शाह को सूचना जारी करने हेतु अनुमोदन दिया गया, जिसमें उन्हे कथित अनाधिकृत निर्माण को हटाने हेतु 30 दिन का समय दिया जाएगा। अनुपालन न होने की स्थिति में, उक्त को हटाने हेतु छावनी अधिनियम 2006 की धारा 320 के तहत दूसरी सूचना दी जाएगी, जिसमे उन्हे 15 दिन का समय दिया जाएगा, ऐसा न कर पाने पर कथित निर्माण हटाने का कार्य विभाग के तरफ से उनके जोखिम और खर्च पर की जाएगी।

18 **कमरों एवं शेड का अनाधिकृत निर्माण |**

श्री एल.डी. शाह (1) निचले तल पर 3.65 मी.X 2.50 मी.X 3.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाला कमरा (2) पहली मंजिल पर 3.00 मी.X 2.50 मी.X 3.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाला कमरा (3) पहली मंजिल पर 2.50 मी.X 1.20 मी.X 3.00 मी. ऊंचाई (औसतन) और 2.50 मी.X 2.50 मी.X 3.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप की एम.एस. पाइप सहित शेड और छत्त हेतु ए.सी. शीट का निर्माण बेलातागांव शिवर के रेवेन्यु सर्वे संख्या 21/2 के बंगलो संख्या 7 शाहजानंद एन्क्लेव, सी.एच.एस. लिम. बेलतगांव रोड, लैम रोड, देवलाली पर किया है | उपरोक्त निर्माण सक्षम अधिकारी के अनुमोदन बिना किया गया हैं इसलिए कमरों और शेड का निर्माण अनाधिकृत हैं |

इस कार्यालय के सूचना संख्या 1309/बी.एल.डी./ई-8/207 दिनांक 10.01.2019 द्वारा श्री एल.डी. शाह ने को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया | उन्होंने जारी किए गए सूचना का कोई उत्तर अपने पत्र दिनांक 25.01.2019 द्वारा दिया है | जिसमें उन्होंने कहा है कि उपरोक्त सूचना में वर्णित किए गए निर्माण कार्य को वे स्वीकार नहीं करते है | इन पत्रों की अंतर्वस्तु इस कार्यालय द्वारा तर्कसंगत और स्वीकृत नहीं हैं | इसलिए यह सिफारिश की जाती हैं कि छावनी अधिनियम, 2006 के यू/एस 248 एवं 320 के तहत श्री एल.डी. शाह, बंगलो संख्या 7, शाहजानंद एन्क्लेव, सी.एच.एस. लिम. बेलतगांव रोड, लैम रोड, देवलाली को सूचना जारी किया जाए |

सम्बंधित फाइल पटल पर रखा गया हैं |

18 **संकल्पः** परिषद ने विचार किया और छावनी अधिनियम 2006 की धारा 248 के तहत श्री एल.डी. शाह को सूचना जारी करने हेतु अनुमोदन दिया गया, जिसमें उन्हे कथित अनाधिकृत निर्माण को हटाने हेतु 30 दिन का समय दिया जाएगा। अनुपालन न होने की स्थिति में, उक्त को हटाने हेतु छावनी अधिनियम 2006 की धारा 320 के तहत दूसरी सूचना दी जाएगी, जिसमे उन्हे 15 दिन का समय दिया जाएगा, ऐसा न कर पाने पर कथित निर्माण हटाने का कार्य विभाग के तरफ से उनके जोखिम और खर्च पर की जाएगी।

19 **कमरा, सीढ़ी का अनाधिकृत निर्माण और शेड का निर्माण |**

श्री कमल जावेरी (1) निचले तल पर बंगलो के पीछे 5.00 मी.X 3.65 मी.X 3.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाला कमरा (2) पहली मंजिल पर 2.50 मी.X 0.9 मी.X 3.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाला सीढ़ी (3) 3.00 मी.X 3.00 मी.X 3.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाले एम.एस. पाइप सहित शेड और छत्त हेतु मंगलोर टाइल्स निर्माण बेलातागांव शिवर के रेवेन्यु सर्वे संख्या 21/2 के बंगलो संख्या 5 एवं 6 शाहजानंद एन्क्लेव, सी.एच.एस. लिम. बेलतगांव रोड, लैम रोड, देवलाली पर किया है | उपरोक्त निर्माण सक्षम अधिकारी के अनुमोदन बिना किया गया हैं इसलिए कमरा, सीढ़ी और शेड का निर्माण अनाधिकृत हैं |

इस कार्यालय के सूचना संख्या 1309/बी.एल.डी./ई-8/209 दिनांक 10.01.2019 द्वारा श्री कमल जावेरी ने को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया | उन्होंने जारी किए गए सूचना का कोई उत्तर नहीं दिया | इसलिए यह सिफारिश की जाती हैं कि छावनी अधिनियम, 2006 के यू/एस 248 एवं 320 के तहत श्री कमल जावेरी, बंगलो संख्या 5 एवं 6, शाहजानंद एन्क्लेव, सी.एच.एस. लिम. बेलतगांव रोड, लैम रोड, देवलाली को सूचना जारी किया जाए |
सम्बंधित फाइल पटल पर रखा गया हैं |

19 **संकल्प:** परिषद ने विचार किया और छावनी अधिनियम 2006 की धारा 248 के तहत श्री कमल जावेरी को सूचना जारी करने हेतु अनुमोदन दिया गया, जिसमें उन्हे कथित अनाधिकृत निर्माण को हटाने हेतु 30 दिन का समय दिया जाएगा। अनुपालन न होने की स्थिति में, उक्त को हटाने हेतु छावनी अधिनियम 2006 की धारा 320 के तहत दूसरी सूचना दी जाएगी, जिसमे उन्हे 15 दिन का समय दिया जाएगा, ऐसा न कर पाने पर कथित निर्माण हटाने का कार्य विभाग के तरफ से उनके जोखिम और खर्च पर की जाएगी।

20 **भवन का अनाधिकृत निर्माण और शेड का निर्माण |**

श्रीमती समीरा इनतियाज अंसारी ने (1)निचले तल पर 15.00 मी.X 7.00 मी.X 3.00 मी. ऊंचाई (औसतन) और पहली मंजिल पर 10.00 मी.X 7.00 मी.X 3.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाली भवन का निर्माण भगुर शिवर, मल्हारी बाबा नगर, बार्न स्कूल रोड, देवलाली के रेवेन्यु सर्वे संख्या 267/2/बी पर किया है | उपरोक्त निर्माण सक्षम अधिकारी के अनुमोदन बिना किया गया हैं इसलिए भवन का निर्माण अनाधिकृत हैं |
इस कार्यालय के सूचना संख्या 1309/बी.एल.डी./ई-8/495 दिनांक 25.01.2019 द्वारा श्रीमती समीरा इनतियाज अंसारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया | उन्होंने जारी किए गए सूचना का कोई उत्तर नहीं दिया | इसलिए यह सिफारिश की जाती हैं कि छावनी अधिनियम, 2006 के यू/एस 248 एवं 320 के तहत श्रीमती समीरा इनतियाज अंसारी, (भगुर शिवर, मल्हारी बाबा नगर, बार्न स्कूल रोड, देवलाली के रेवेन्यु सर्वे संख्या 267/2/बी) सूचना जारी किया जाए |
सम्बंधित फाइल पटल पर रखा गया हैं |

20 **संकल्प:** परिषद ने विचार किया और छावनी अधिनियम 2006 की धारा 248 के तहत श्रीमती समीरा इनतियाज अंसारी को सूचना जारी करने हेतु अनुमोदन दिया गया, जिसमें उन्हे कथित अनाधिकृत निर्माण को हटाने हेतु 30 दिन का समय दिया जाएगा। अनुपालन न होने की स्थिति में, उक्त को हटाने हेतु छावनी अधिनियम 2006 की धारा 320 के तहत दूसरी सूचना दी जाएगी, जिसमे उन्हे 15 दिन का समय दिया जाएगा, ऐसा न कर पाने पर कथित निर्माण हटाने का कार्य विभाग के तरफ से उनके जोखिम और खर्च पर की जाएगी।

21 **प्लिंथ का अनाधिकृत निर्माण |**

श्री दिलीप नन्नू मनोहर ने 7.00 मी.X 15.00 मी.X 1.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाले आर.सी.सी. फूटिंग और प्लिंथ बीम और कॉलम सहित प्लिंथ का निर्माण भगुर शिवर, मल्हारी बाबा नगर, बार्न स्कूल रोड, देवलाली के रेवेन्यु सर्वे संख्या 267/1/ए/1/ए पर किया है | उपरोक्त निर्माण सक्षम अधिकारी के अनुमोदन बिना किया गया हैं इसलिए प्लिंथ का निर्माण अनाधिकृत हैं |

इस कार्यालय के सूचना संख्या 1309/बी.एल.डी./ई-8/498 दिनांक 24.01.2019 द्वारा श्री दिलीप नन्नू मनोहर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया | उन्होंने जारी किए गए सूचना का कोई उत्तर नहीं दिया | इसलिए यह सिफारिश की जाती हैं कि छावनी अधिनियम, 2006 के यू/एस 248 एवं 320 के तहत श्री दिलीप नन्नू मनोहर, (भगुर शिवर, मल्हारी बाबा नगर, बार्न स्कूल रोड, देवलाली के रेवेन्यु सर्वे संख्या 267/1/ए/1/ए) सूचना जारी किया जाए |

सम्बंधित फाइल पटल पर रखा गया हैं |

21 **संकल्प:** परिषद ने विचार किया और छावनी अधिनियम 2006 की धारा 248 के तहत श्री दिलीप नन्नू मनोहर को सूचना जारी करने हेतु अनुमोदन दिया गया, जिसमें उन्हे कथित अनाधिकृत निर्माण को हटाने हेतु 30 दिन का समय दिया जाएगा। अनुपालन न होने की स्थिति में, उक्त को हटाने हेतु छावनी अधिनियम 2006 की धारा 320 के तहत दूसरी सूचना दी जाएगी, जिसमे उन्हे 15 दिन का समय दिया जाएगा, ऐसा न कर पाने पर कथित निर्माण हटाने का कार्य विभाग के तरफ से उनके जोखिम और खर्च पर की जाएगी।

22 **भवन का अनाधिकृत निर्माण |**

श्री लक्ष्मण रामभाऊ वाघचौरे ने 15.00 मी.X 7.00 मी.X 3.00 मी. ऊंचाई (औसतन) माप वाले आर.सी.सी. कॉलम और बीम और ईंट की दिवार द्वारा भवन का निर्माण भगुर शिवर, मल्हारी बाबा नगर, बार्न स्कूल रोड, देवलाली के रेवेन्यु सर्वे संख्या 267/1/ए/1/ए पर किया है | उपरोक्त निर्माण सक्षम अधिकारी के अनुमोदन बिना किया गया हैं इसलिए भवन का निर्माण अनाधिकृत हैं|

